

मंडीः वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के साथ जिलाधीश अपूर्व देवगन

**कार्यक्रम** धूमधाम से मनाया 73वां वार्षिक समारोह, मुख्यातिथि ने होनहारों की थपथपाई पीठ → दिव्य हिमाचल 23-3-24

# मंडी कालेज में जिलाधीश ने नवाजे होनहार

कार्यालय संवाददाता-मंडी

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े महाविद्यालयों में शामिल वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी जिला मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जिलाधीश मंडी अपूर्व देवगन ने शैक्षणिक क्षेत्र, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर एवं रेंजर, रेडक्रॉस, सांस्कृतिक व खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उपायुक्त मंडी ने कहा कि विद्यार्थी देश के जिम्मेदार नागरिक बनें। विद्यार्थी शैक्षणिक क्षेत्र में ज्यादा समय व्यतीत करने के अलावा एनसीसी एनएसएस खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेकर व्यक्तित्व विकास करें। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि फ्लाइंग ऑफसर डा. चमन ने भारतीय वायु सैन्य एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण, शैक्षणिक क्षेत्र में पुस्तक और शोध पत्र लेखन, मीडिया अध्यापन, रेडक्रॉस व एडवेंचर गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य किया है। फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन का व्यक्तित्व कैडेटों व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा की मिसाल है। इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के 73 वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह अकादमिक सत्र 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने मुख्य अतिथि उपायुक्त अपूर्व देवगन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन व एनसीसी यूनिटों ने मेजर चेतन सिंह राणा को एनसीसी में 22 वर्ष की सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया। अकादमिक सत्र 2023 और 24 में पोटीए स्कॉलरशिप में 35 विद्यार्थी, बोआर अवस्थी मेमोरियल स्कॉलरशिप में दो, सोनिया शर्मा मेमोरियल स्कॉलरशिप में दो, एसडी पुरी मेमोरियल स्कॉलरशिप में दो, रुकमणी देवी व ठाकुर तेज सिंह मेमोरियल स्कॉलरशिप में दो, कंट्रीब्यूटरी फंड स्पॉन्सर्ड स्कॉलरशिप में चार विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। एनसीसी एयर विंग में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 72 होनहार एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया।



→ दिव्य हिमाचल 23/3/2024



मंडी : वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के साथ जिलाधीश अपूर्व देवगन

कार्यक्रम

## धूमधाम से मनाया 73वां वार्षिक समारोह, मुख्यातिथि ने होनहारों की थपथपाई पीठ

→ दिव्य हिमाचल 23-4-24

# वल्लभ कालेज में डी.सी. ने नवाजे मेधावी



मंडी : वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी विद्यार्थी शिक्षकों के साथ सामूहिक चित्र में। (संजू)

मंडी, 22 मार्च (रजनीश): वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह में डी.सी. अपूर्व देवगन बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए जिन्हें प्राचार्य ने स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यार्थी देश के जिम्मेदार नागरिक बनें तथा शैक्षणिक क्षेत्र में ज्यादा समय व्यतीत करने के अलावा एन.सी.सी., एन.एस.एस., खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेकर व्यक्तित्व विकास करें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई और अन्य गतिविधियों पर सही ढंग से ध्यान देकर ही उनमें तालमेल बैठाकर आगे बढ़ें। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

महाविद्यालय प्रशासन ने इन्हें शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य रमेश धलारिया ने कालेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी जिसमें छात्र-छात्राओं की विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की गई। इसी दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जिनकी सभी ने खूब सराहना की। इसके बाद डा. ओ.पी. सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को ईनाम भी बांटे।

→ पंजाब केसरी
23/3/2024



DC Apoorv Devgan felicitates a student during the prize distribution ceremony at Vallabh Government College in Mandi. PHOTO: JAI KUMAR

Tribune — 24/3/2

# Vallabh college holds prize distribution event

TRIBUNE NEWS SERVICE

MANDI, MARCH 23

The annual prize distribution ceremony of Vallabh Government College, Mandi, one of the largest colleges of the state, was held here yesterday.

Mandi DC Apoorv Devgan attended the ceremony as the chief guest. He honoured meritorious students who excelled at national and international level in academics and activities of NCC, NSS, Red Cross, cultural events and sports.

The DC said students should become responsible citizens of the country. In addition to spending more time in academics, they should develop their personality by participating in NCC, NSS, sports and cultural programmes.

"College professors play an important role in the all-round development of students," he added. The DC said: "Flying Officer Dr Chaman has done remarkable work in Indian Air Force, NCC officer training, book and research paper writing in the educational field, media teaching, Red Cross and adventure activities. The personality of Dr Chaman is an inspiration for cadets and students."

On the occasion, college principal Surina Sharma presented the 2023-24 annual report. She also presented a memento to the chief guest. The college administration and NCC units presented a memento to Major Chetan Singh Rana for his 22 years of services in the NCC. Cultural programmes were also held by the college administration on the occasion.

Retired principal Kamalkant, professor BR Sen, principal Kaushal and professor Dharampal were among others present on the occasion.